रोल नं० | | | | | | | | | | |

# Subject Code No. : 203

**CLASS : 12th** **Q. P. Code : 1**

## हिन्दी (ऐच्छिक)

***ACADEMIC/OPEN***

**SEMESTER – I (Objective Type)**

***Evening Session***

(Only for Re-appear Candidates)

*समय : $1\frac{1}{2}$ घंटे]* *[ पूर्णांक : 90*

---

- *इस प्रश्न-पत्र में **90** बहुवैकल्पिक प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न का **एक** अंक है। **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***
- *उत्तर पत्रक (ओ० एम० आर०) पर विवरण लिखने / उत्तर देने के लिए केवल **काले / नीले** बॉल पॉइन्ट पेन का प्रयोग करें।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** तथा प्रश्न **90** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **सबजेक्ट कोड नम्बर** एवं **क्वेस्चन पेपर कोड** को छात्र ओ० एम० आर० पर लिखें।*
- *अपठित उत्तर या ऐसे उत्तर जिन्हें काटा या बदला गया है, निरस्त कर दिये जाएँगे।*
- *दिये गये **4** विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए **सर्वाधिक उपयुक्त केवल एक ही विकल्प** चुनना है।*
- *परीक्षार्थी उत्तर पत्रक (ओ० एम० आर०) पर अपना अनुक्रमांक अंकों के साथ-साथ गोले में भी भरें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*

- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया*** *जायेगा।*

**1.** निर्मला उपन्यास में किस समस्या की प्रधानता है

(A) नारी समस्या (B) दलित समस्या

(C) किसान समस्या (D) इनमें से कोई नहीं

**2.** राहुल सांकृत्यायन का जन्म कहाँ हुआ

(A) पंदहा गाँव में (B) लाहौर में

(C) बम्बई में (D) काशी में

**3.** इनमें से कौन-सा ग्रंथ आदिकाल का *नहीं* है

(A) प्राकृत पैंगलम (B) खुसरो की पहेलियाँ

(C) विद्यापति पदावली (D) पद्‌मावत

**4.** अमीर खुसरो का मूल नाम क्या था

(A) अबुल हसन (B) हबुल हसन

(C) हसन अबुल (D) अबुल फज़ल

**5.** *''अम्मा जी, इस अभागे के लिए आपको व्यर्थ में इतना कष्ट हुआ। मैं आपका स्नेह कभी न भूलूँगा।''* निर्मला से ये शब्द किसने कहे

(A) तोताराम (B) मंसाराम

(C) सुधा (D) उदयभानु

**6.** घुमक्कड़ शास्त्र किसकी रचना है

(A) राहुल सांकृत्यायन (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

**7.** विद्यापति पदावली की रचना किस भाषा में हुई

(A) अपभ्रंश (B) हिन्दी (C) बंगला (D) मैथिली

**8.** अमीर खुसरो को कौन-सी उपाधि प्राप्त थी

(A) मानद (B) अमीर (C) राज्य कवि (D) गुरु

**9.** निर्मला बचपन में कौन-सा खेल खेलती थी

(A) छिपने का (B) गुल्ली-डंडा

(C) गुड्डे-गुड़ियों का (D) इनमें से कोई नहीं

**10.** व्यास ने अपने शास्त्र में जिज्ञासा का सबसे बड़ा विषय किसे बताया

(A) अत्मा (B) धरती (C) ब्रह्म (D) राम

**11.** रासो ग्रंथ किस काल में लिखे गए

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल

**12.** हिन्दी में पहेलियाँ, मुकरियाँ लिखने वाले लेखक हैं

(A) भारतेंदु (B) प्रेमचन्द

(C) अमीर खुसरो (D) इनमें से कोई नहीं

**13.** 'रंगभूमि' उपन्यास के लेखक हैं

(A) प्रेमचन्द (B) जयशंकर प्रसाद

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (D) अमृत राय

**14.** निर्मला की माँ का क्या नाम था

(A) कृष्णा (B) कल्याणी (C) इन्दू (D) रुक्मिणी

**15.** संतकाव्य में किसकी प्रधानता है

(A) शृंगार रस (B) शांत रस (C) करुण रस (D) वीर रस

**16.** *'दुहुदिसि दारु-दहन जैसे दगधइ, आकुल कीट परान'* पंक्ति में कौन-सा अलंकार है

(A) अनुप्रास (B) यमक (C) श्लेष (D) मानवीकरण

**17.** पुरोहित मोटेराम ने कितनी मिठाई खाई

(A) पाँच सेर (B) दो सेर (C) तीन सेर (D) चार सेर

**18.** *'अच्छा भाई यहाँ से चलो। देखो गाना शुरू हो गया है।'* यह वाक्य किसने कहा

(A) मृणालिनी ने (B) कैलाशनाथ ने

(C) पार्वती ने (D) डॉक्टर चड्ढा ने

**19.** रीति मुक्त कवि ***नहीं*** हैं

(A) बोधा (B) घनानंद (C) भूषण (D) आलम

**20.** *'मनि मानिक मुकुता छवि जैसी'* पंक्ति में अलंकार है

(A) यमक (B) अनुप्रास (C) श्लेष (D) उपमा

**21.** *''साल भर से तलब नहीं मिली। किसी को तलब नहीं देते।''* इस वाक्य में *'तलब'* का क्या अर्थ है

(A) इच्छा (B) पग़ार (C) नौकरी (D) रोटी

**22.** 'मंत्र' कहानी में प्रहसन किसने लिखा था

(A) डॉ० चड्ढा ने (B) कैलाशनाथ ने

(C) मृणालिनी ने (D) इनमें से कोई नहीं

**23.** परमाल रासो किसकी रचना है

(A) चंदबरदाई (B) जगनिक

(C) नरपति नाल्ह (D) विद्यापति

**24.** 'कबित विबेक' अंश किस रचना से लिया गया है

(A) विनयपत्रिका (B) दोहावली

(C) कवितावली (D) रामचरितमानस

**25.** *"जीवन रंगशाला का वह निर्दय सूत्रधार किसी अगमगुप्त स्थान पर बैठा हुआ अपनी जटिल क्रूर-क्रीड़ा दिखा रहा है।"* इस वाक्य की शब्दावली है

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशी

**26.** *"मालूम होता है कोई मास्टर मर गया है।"* यह पंक्ति किस अध्याय से है

(A) मंत्र (B) अथातो घुमक्कड़-जिज्ञासा

(C) क्रोध (D) व्यक्ति की एक झलक

**27.** बिहारी सतसई में कितने दोहे हैं

(A) 715 (B) 713 (C) 700 (D) 725

**28.** *'सखी एक तेई खेल न जाना। भै अचेत मनिहार गँवाना।।'*

इस पंक्ति में कवि ने किस भाषा का प्रयोग किया है

(A) ब्रज (B) अवधी (C) खड़ी बोली (D) हिन्दी

**29.** हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म कब हुआ

(A) 1900 (B) 1907 (C) 1910 (D) 1912

**30.** निर्मला के पिता का क्या नाम था

(A) हरबंसलाल (B) उदयभानु लाल

(C) बाबू भालचंद्र (D) भुवन मोहन

**31.** आदिकाल का काल है

(A) 1300-1400 सं० (B) 1050-1375 सं०

(C) 1100-1200 सं० (D) 1500-1700 सं०

**32.** *'तारै कुल दोइ'* में *'दोइ'* से अभिप्राय है

(A) आत्मा-परमात्मा (B) स्वर्ग-नरक

(C) जन्म-मृत्यु (D) लोक-परलोक

**33.** *'एहि नैहर रहना दिन चारी'* में *'नैहर'* का क्या अर्थ है

(A) ननिहाल (B) ससुराल

(C) माता-पिता के घर (D) भाई के घर

**34.** वात्सल्य एवं शृंगार का सम्राट कवि है

(A) तुलसीदास (B) घनानंद (C) सूरदास (D) कबीर

**35.** नंद दुलारे वाजपेयी के गद्य में किसका स्पर्श मिलता है

(A) आदर्शवादिता (B) यथार्थता (C) दार्शनिकता (D) वैचारिकता

**36.** चन्द्रभानु निर्मला के क्या लगते थे

(A) चाचा (B) भाई (C) पिता (D) पति

**37.** *'तन चितउर मन राजा कीन्हा'* पंक्ति किस काव्य ग्रंथ की है

(A) रामचरितमानस (B) पद्‌मावत

(C) चित्रावली (D) मधुमालती

**38.** *'वाजपेई जी, ई का कहि रहा है, कुछ समझ में आवत है ?'* यह वाक्य किसने कहा

(A) प्रेमचन्द (B) प्रसाद

(C) राहुल सांकृत्यायन (D) आचार्य शुक्ल

**39.** कल्याणी ने पत्र किसको लिखा

(A) अपने ससुर को (B) भालचंद्र को

(C) तोताराम को (D) मंसाराम को

**40.** खड़ी बोली के जनक माने जाते हैं

(A) सहरपा (B) आचार्य शुक्ल

(C) अमीर खुसरो (D) इनमें से कोई नहीं

**41.** *'हृदय सिंधु मति सीप समाना'* पंक्ति में अलंकार है

(A) श्लेष (B) अनुप्रास (C) रूपक (D) मानवीकरण

**42.** अष्टछाप की स्थापना कब हुई थी

(A) 1500 ई० (B) 1550 ई० (C) 1565 ई० (D) 1600 ई०

**43.** आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को किस सम्मान से विभूषित किया गया

(A) पद्‌मभूषण (B) पद्‌मश्री

(C) पद्‌मालंकार (D) शलाका सम्मान

**44.** मंसाराम के पिता तोताराम ने उसे कहाँ भेज दिया

(A) विद्यालय (B) अनाथाश्रम

(C) छात्रावास (D) चिकित्सालय

**45.** *"सरकार मोर तलब दै दीन जाय। ऐसी नौकरी मोसे न होई। कहाँ लो दौरी ? दौरत-दौरत गोड़ पिराय लागत है।"* इस वाक्य की शब्दावली है

(A) तत्सम (B) तद्भव (C) देशज (D) विदेशी

**46.** समुद्र के खारे पानी और हिंदू धर्म में बड़ा ............... है।
रिक्त स्थान की पूर्ति करें

(A) प्रेम (B) स्नेह (C) वैर (D) क्रोध

**47.** 'क्रोध' निबंध के रचयिता है

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (B) रमाशंकर शुक्ल

(C) अशोक वाजपेयी (D) इनमें से कोई नहीं

**48.** बीसलदेव रासो किसकी रचना है

(A) जगनिक (B) नरपतिनाल्ह (C) नल्लसिंह (D) भट्टकेदार

**49.** लोगों की मान्यता के अनुसार तबले के आविष्कारकर्ता हैं

(A) अमीर खुसरो (B) शंकराचार्य

(C) गौरखनाथ (D) ब्रह्म

**50.** रुक्मिणी और निर्मला का आपसी संबंध था

(A) माँ-बेटी (B) बहन-बहन (C) सखी-सखी (D) ननद-भाभी

**51.** यह कथन किसका है – *'कमर बाँध लो भावी घुमक्कड़ों ! संसार तुम्हारे स्वागत के लिए बेकरार है।'*

(A) राहुल सांकृत्यायन (B) शंकराचार्य

(C) विवेकानंद (D) नानक

**52.** तुलसीदास की माता का क्या नाम था

(A) रत्नावली (B) हुलसी (C) तुलसी (D) विद्यावती

**53.** *'पद्मावती सब सखी बुलाई। जनु फुलवारि सबै चलि आई'* इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है

(A) उत्प्रेक्षा (B) यमक (C) श्लेष (D) अनुप्रास

**54.** तोताराम ने निर्मला को अपना क्या बनाया

(A) सहायक (B) खजाँची (C) दुश्मन (D) मित्र

**55.** आचार्य रामचंद्र शुक्ल का समय क्या है

(A) 1887-1950 (B) 1884-1941

(C) 1890-1945 (D) इनमें से कोई नहीं

**56.** कबीर की पत्नी का क्या नाम था

(A) रेवली (B) कमाली (C) लोई (D) पाई

**57.** कौन-सा ग्रंथ भूषण द्वारा रचित ***नहीं*** है

(A) छत्रप्रकाश (B) छत्रशालदशक

(C) शिवाबावनी (D) शिवराजभूषण

**58.** *'जिहि कुल साधु वैसनो होई।*

*बरन अबरन रंक नहीं ईस्वर, विमल बासु जानिए जग सोई।'* ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं

(A) कबीर (B) नानक (C) रैदास (D) जायसी

**59.** कवितावली की भाषा क्या है

(A) अवधी (B) ब्रज (C) हिंदी (D) खड़ी बोली

**60.** *'ढाई आखर प्रेम के पढ़े सौ पंडित होय'* यह पंक्ति किस कवि की है

(A) कबीर (B) नानक (C) रैदास (D) जायसी

**61.** आचार्य रामचंद्र शुक्ल के इतिहास का क्या नाम है

(A) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

(B) हिन्दी साहित्य का इतिहास

(C) हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास

(D) सभी

**62.** आचार्य शुक्ल के अनुसार क्रोध का जनक है

(A) अकारण कष्ट पहुँचाने की प्रवृत्ति

(B) मानव की अपनी प्रवृत्ति

(C) भविष्य में पीड़ित होने का भय

(D) दुःख का अनुमानित कारण

**63.** आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य के इतिहास को कितने भागों में बाँटा

(A) दो (B) तीन (C) चार (D) सात

**64.** विद्यापति के यश का मुख्य आधार ग्रंथ है

(A) कीर्तिलता (B) कीर्तिपताका

(C) पदावली (D) पुरुष परीक्षा

**65.** जब ब्राह्मण चूल्हा न जला सका तो उसने क्या किया

(A) मिट्टी का तेल डाला (B) पानी डाल दिया

(C) रोने लगा (D) इनमें से कोई नहीं

**66.** प्रेमचंद का मूल नाम क्या था

(A) नबाबराय (B) धनपतराय (C) मूलशंकर (D) अमरनाथ

**67.** रीतिकाल का समय है

(A) 1000-2000 ई० (B) 1375-1700 सं०

(C) 1700-1900 सं० (D) इनमें से कोई नहीं

**68.** *'अनुखन राधा-राधा रटइत, आधा-आधा बानि'* पंक्ति में कौन-सा अलंकार है

(A) मानवीकरण (B) अनुप्रास

(C) यमक (D) पुनरुक्तिप्रकाश

**69.** रैदास किसके समकालीन थे

(A) कबीर (B) सूरदास (C) नानक (D) रामानंद

**70.** *'मोहि मूढ़ मन बहुत बिगोयो।'* पंक्ति में *'बिगोयो'* का अर्थ है

(A) भिगोना (B) बिगाड़ना (C) डूबना (D) दंडित करना

**71.** मतिराम किसके भाई थे

(A) घनानंद के (B) भूषण के (C) केशवदास के (D) तुलसी के

**72.** कृष्ण ने अपने सिर पर किस प्रकार का मुकुट धारण कर रखा था

(A) सोने का (B) चाँदी का

(C) मोर पंखों का (D) तांबे का

**73.** अमीर खुसरो की निम्न में से कौन-सी रचना है

(A) चारु चंद्र लेख (B) खालिकबारी

(C) साखी (D) पद्‌मावत

**74.** *'जैसे पुरैन-पात जल रहै समीप भनि रविदास जन में जगि ओइ।'* पंक्ति में कवि ने *'पुरैन-पात'* का प्रयोग किसके पत्ते के लिए किया है

(A) कमल (B) पीपल (C) केला (D) अनार

**75.** क्रोध सभी प्रकार के मनोविकारों से ............... है।

रिक्त स्थान की पूर्ति करें

(A) फुर्तीला (B) कमजोर (C) सुंदर (D) तुच्छ

**76.** कैलाशनाथ की प्रेमिका थी

(A) कमलिनी (B) हँसिनी (C) मृणालिनी (D) शारदा

**77.** *'भगवान बड़े कारसाज़ हैं, मुरदे को भी जिला सकता है। कौन जाने, अब भी उसे दया आ जाए।'* इस वाक्य की शब्दावली है

(A) देशज (B) तत्सम (C) तद्‌भव (D) विदेशी

**78.** *'चारु चंद्र लेख'* किसकी रचना है ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) मैथिलीशरण गुप्त (D) इनमें से कोई नहीं

**79.** *'भीष्म को क्षमा नहीं किया गया।'* निबंध की शैली है

(A) मनोविश्लेषणात्मक (B) विवरणात्मक

(C) आत्मपरक (D) भावात्मक

**80.** *'भविष्य नामक महादुरंत अज्ञात मुझे किसी गिनती में लेने वाला नहीं है।'* इस पंक्ति की शब्दावली है

(A) तत्सम (B) तद्भव (C) देशज (D) विदेशी

**81.** आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने रीतिकाल का क्या नाम दिया

(A) मध्यकाल (B) अलंकृत काल

(C) कलाकाल (D) शृंगारकाल

**82.** इनमें से रीतिसिद्ध कवि कौन है

(A) बिहारी (B) घनानंद (C) देव (D) पद्माकर

**83.** अमीर खुसरो के अनुसार जोगी किसी का भी मित्र नहीं, क्यों

(A) वे एक स्थान पर नहीं रहते (B) वे निर्मोही होते हैं

(C) वे अहंकारी होते हैं (D) वे पाखंडी होते हैं

**84.** कीर्तिपताका किसकी रचना है

(A) अमीर खुसरो (B) विद्यापति

(C) जयदेव (D) बिहारी

**85.** प्रेमाख्यानक परम्परा का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ कौन-सा है

(A) पद्‌मावत (B) अखरावट

(C) आखिरी कलाम (D) सभी

**86.** मतिराम किस काल के कवि हैं

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल

**87.** 'ललितललाम' किस प्रकार का ग्रंथ है

(A) दर्शन शास्त्र (B) छंद ग्रंथ

(C) अलंकार ग्रंथ (D) इनमें से कोई नहीं

**88.** *'निरबात दीप-सिखा-सी'* पंक्ति में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है

(A) उपमा (B) रूपक (C) यमक (D) संदेह

**89.** निर्मला के छोटे भाई का क्या नाम था

(A) उदयभानु (B) सूर्यभानु (C) तोताराम (D) हंसाराम

**90.** *'मतिराम पियै मुसकानि सुधा-सी'* पंक्ति में अलंकार है

(A) अन्योक्ति (B) विभावना (C) उपमा (D) रूपक

# p

200